# कार्यालय, नगर परिषद, ढाका, पूर्वी चम्पारण।

दिनांक–08.07.2026

## अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना(NIT No-03/2026-27)

(बिहार सरकार के ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली eproc2.bihar.gov.in के माध्यम से)

नगर परिषद, ढाका अन्तर्गत सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ रखने हेतु कुल–69 अदद हाई मास्ट लाईट (High Mast Light)/ स्टेडियम लाईट जिसमें 6 अदद स्टेडियम लाईट जो उच्चतर माध्यमिक विधालय के खेल मैदान में अवस्थित है, 50 अदद नवनिर्मित हाई मास्ट लाईट एवं 13 अदद पूर्व से अधिष्ठापित अन्य हाई मास्ट लाईट सम्मिलित है के व्यापक संचालन एवं रख–रखाव अनुबंध (Comprehensive Operational and Annual maintenance Contract- COAMC) कार्य हेतु बिहार वित्तीय नियमावली (BFR) के सुसंगत प्रावधानों के तहत प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं तकनीकी रूप से सक्षम ठेकेदारों/फर्म/पंजीकृत विधुत एजेंसियो से दो–बोली प्रणाली (Technical & Financial) के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

### 1.निविदा मुख्य विवरण (Key Tender Details)

| क्र0सं0 | विवरण/गतिविधि का नाम | संबंधित मानक/समय–सीमा |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | नगर परिषद, ढाका क्षेत्रान्तर्गत कुल–69 अदद हाई मास्ट लाईटों का व्यापक परिचालन एवं रख–रखाव (Consumable, LED Luminaires, विंच, वायर रोप एवं कंट्रॉल गियर रिपेयर सहित) का कार्य |
| 2 | कुल परिसंपत्ति की संख्या | 69 अदद (56 + 13 पूर्ववर्ती पुरानी इकाईयां) |
| 3 | अग्रधन की राशि (EMD) | 1,00,000.00(एक लाख रू0 मात्र) ऑनलाईन जमा (eproc2) |
| 4 | निविदा दस्तावेज एवं प्रोसेसिंग शुल्क | 5,000.00 (गैर प्रतिदेय) eproc2 Portal पर देय |
| 5 | अनुबंध की प्रारंभिक अवधि | 03 (तीन) वर्ष (प्रदर्शन समीक्षा के आधार पर प्रतिवर्ष विस्तारणीय) |
| 6 | पोर्टल पर निविदा लाइव होने की तिथि | 15.07.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे |
| 7 | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 23.07.2026 को अपराहन 05:00 बजे तक |
| 8 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 24.07.2026 को अपराहन 03:00 बजे |

### 2.कार्य का विस्तृत दायरा (Comprehensive Scope of work)

यह एक व्यापक (Comprehensive) प्रकृति का रख–रखाव अनुबंध है, जिसके अंतर्गत सभी प्रकार के पुर्जो की आपूर्ति एवं श्रम लागत निविदाकार की होगी। मुख्य कार्य निम्नलिखित है :

**(i) प्रारंभिक टेक ओवर एवं मरम्मत (Initial Stabilization)**: निविदा आवंटन के 15 दिनों के भीतर निविदाकार को सभी 69 हाई मास्ट लाईटों का संयुक्त निरीक्षण करना होगा। पूर्व से बंद/खराब पड़े इकाईयां (विशेषकर 13 पुरानी इकाईयों) को तुरंत नए LED ल्युमिनेयर, चोक या आवश्यक केवल डालकर चालू करना होगा।

**(ii) दैनिक संचालन (Daily Operation)**: सभी 69 हाई मास्ट लाईटों को प्रतिदिन शाम (सूर्यास्त) से सुबह (सूर्योदय) तक स्वचालित टाइमर (तय समय–सीमा) या मैन्युअल रूप से ऑन/ऑफ करना सुनिश्चित करना होगा।

(iii) **पुर्जो एवं ल्युमिनेयर का प्रतिस्थापन** : जल चुके LED फिक्सचर (न्यूनतम 200W/400W या स्थापित क्षमता के अनुसार), ड्राईवर, टाइमर, कांटेक्टर, एमसीबी (MCB), इनकमिंग केबल और टर्मिनल बॉक्स का अपने खर्च पर प्रतिस्थापन करना।

(iv) **मैकेनिज्म का रख–रखाव** : हाई मास्ट पोल के भीतर स्थित विंच मैकेनिज्म (Winch Mechanism), स्टील वायर रोप (Wire Rope) और ट्रेलिंग केबल की नियमित ग्रीसिंग, ओवरहालिंग एवं सुरक्षा जांच करना ताकि लाईट फ्रेम को नीचे उतारने में कोई बाधा न हो।

(v) **विधुत सुरक्षा एवं अर्थिंग** : सभी पोल के अर्थिंग पिट (Earth Pit) की सलाना जांच करना तथा लीकेज करंट से बचाव हेतु उचित इंसुलेशन सुनिश्चित करना।

**3.सेवा स्तर समझौता और शास्ति (SLA & Penalty Clauses)**

नगर परिषद्, ढाका क्षेत्र की जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्ट्रीट लाईटिंग व्यवस्था में व्यवधान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

- **मरम्मत की समय–सीमाः** किसी भी हाई मास्ट लाईट के खराब होने या बेद होने की शिकायत प्राप्त होने या स्वतः संज्ञान में आने के 24 घंटे के भीतर उसे ठीक करना होगा।
- **विलंब दण्ड (Penalty)**: यदि खराबी 24 घंटे के भीतर ठीक नहीं की जाती है, तो 48 घंटे तक 500.00रू0 प्रति पोल प्रतिदिन तथा 48 घंटे से अधिक विलंब होने पर 1000.00रू0 प्रति पोल प्रतिदिन की दर से शास्ति (Penalty) काटी जाएगी, जो मासिक भुगतान देय बिल से घटाई जाएगी।
- **न्यूनतम दक्षताः** किसी भी समय वार्डो मे कुल लाईटों की कार्यशीलता दर 98 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए।

**4.तकनीकी एवं वित्तीय पात्रता मानदंड (Eligiblity Criteria)**

(i) **वैध लाइसेंसः** निविदाकार/एजेंसी के पास बिहार सरकार के विधुत निरीक्षणालय द्वारा जारी **वैध क्लास ए (Class-A) विधुत ठेकेदारी लाइसेंस** होना अनिवार्य है।

(ii) **अनुभवः** पिछले 03 वित्तीय वर्षो में किसी भी नगर निकाय, भवन निर्माण विभाग या अन्य सरकारी संस्थान में न्यूनतम 20 अदद हाई मास्ट लाईटों या व्यापक स्ट्रीट लाईट ग्रीड के रख–रखाव/स्थापना का न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव।

(iii) **वित्तीय स्थितिः** पिछले 03 वर्षो का औसत वार्षिक टर्नओवर न्यूनतम 30 लाख होना अनिवार्य है, जो CA ऑडिटेड बैलेंस शीट द्वारा प्रमाणित हो।

**5.विशेष निर्देश**

बिहार वित्तीय नियमावली के नियमों के तहत, यह अनुबंध पूर्णतः **आइटम रेट आधारित बोओक्यू (BOQ)** पर संचालित होगा। निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे ढाका नगर परिषद् क्षेत्र में जाकर सभी पोलों की वर्तमान भौतिक स्थिति का आकलन करने के उपरान्त ही अपनी वित्तीय बोली eproc2 पोर्टल पर अपलोड करें।

08/07/26

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, ढाका।